श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर (म.प्र.)

(Approved By Government of Madhya Pradesh & UGC)

क्रमांक/R989/SKU/दीक्षांत/2024 **छतरपुर, दिनांक :15/12/2024**

सूचना

श्री कृष्णा विश्वविद्यालय के शासी निकाय की 15वीं बैठक दिनांक 13/12/2024 में पारित निर्णयानुसार विश्वविद्यालय का प्रथम दीक्षांत समारोह **दिनांक 15 जनवरी, 2025 दिन - बुधवार** को होना सुनिश्चित हुआ है। समारोह, भारत के माननीय उपराष्ट्रपति श्री जगदीप धनखड़ जी के मुख्य आतिथ्य में तथा मध्यप्रदेश के माननीय राज्यपाल श्री मंगूभाई पटेल जी की अध्यक्षता में सम्पन्न होगा। दीक्षांत समारोह में मध्यप्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी एवं माननीय उच्चशिक्षा मंत्री मध्यप्रदेश श्री इंदर सिंह परमार जी तथा प्रदेश/देश की अन्य प्रख्यात विभूतियों की गरिमामयी उपस्थिति भी रहेगी।

इस दीक्षांत समारोह में शैक्षणिक सत्र 2019-20 से 2023-24 तक के स्नातक/स्नातकोत्तर/पीएच.डी. की कक्षाओं में पात्र विद्यार्थियों को स्वर्ण पदक/डिग्री प्रदान किये जायेंगे।

अत: स्नातक/स्नातकोत्तर/पीएच.डी. कक्षाओं में पात्र विद्यार्थी जो प्रथम दीक्षांत समारोह में उपस्थित होकर उपाधि से विभूषित होना चाहते हैं, वे **दिनांक 30/12/2024** तक उपाधि शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्र में ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से आवेदन भरकर पंजीयन कर सकते हैं। आवेदन हेतु निर्धारित प्रपत्र एवं अन्य समस्त जानकारी विश्वविद्यालय की बेवसाइट www.skuindia.ac.in पर उपलब्ध है।

नोट:-

(1) ऑफलाइन आवेदन पत्र निर्धारित शुल्क के साथ अंतिम तिथि तक विश्वविद्यालय की अकादमिक शाखा में जमा करना होगा। निर्धारित अंतिम तिथि के उपरांत प्राप्त होने वाले आवेदनों पर विचार नही किया जायेगा।

(2) जो विद्यार्थी उपाधि प्राप्त करने हेतु पंजीयन करायेंगे एवं 13/14 जनवरी 2025 को प्रस्तावित पूर्वाभ्यास में उपस्थित होगें। उन्हें ही दीक्षांत समारोह में उपाधि प्रदान की जायेगी।

आदेशानुसार,

कुलसचिव

छतरपुर, दिनांक :15/12/2024

पृष्ठांकन क्रमांक/ R989/SKU/**दीक्षांत/202**4

प्रतिलिपि :

1. मान. कुलगुरू जी के निज सचिव, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
2. मान. उपकुलगुरू जी के निज सचिव, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
3. कुलसचिव के निज सहायक, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
4. परीक्षा नियंत्रक/ वित्त नियंत्रक, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
5. उपकुलसचिव, परीक्षा/गोपनीय/भंडार, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
6. उपाधि प्रकोष्ठ, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
7. समस्त विभागाध्यक्ष, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
8. समस्त शाखा प्रभारी, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
9. समन्वयक/समस्त संयोजक, प्रथम दीक्षांत समारोह समिति, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर
10. आई.टी. प्रभारी, श्री कृष्णा वि.वि. उक्त अधिसूचना वि.वि. की बेवसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।
11. समस्त संबंधित विद्यार्थीगण, श्री कृष्णा विश्वविद्यालय, छतरपुर

कुलसचिव